# Daily Current Affairs

Date : 11 October, 2025

UTKARSH CLASSES CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना : राजस्थान प्रथम स्थान पर |
| 2. | राजस्थान भू राजस्व (संशोधन और विधिमान्यकरण) अधिनियम, 2025 |
| 3. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. प्रोफेसर पूरन कोली<br>2. ग्रुप कैप्टन योगेश परिहार<br>3. जनकवि प्रदीप शर्मा साहित्य सम्मान – 2025<br>4. प्राइम वॉलीबॉल लीग का चौथा संस्करण : हैदराबाद<br>5. मेयो कॉलेज की 150वीं वर्षगाँठ<br>6. राजस्थान का पहला कम्युनिटी रेडियो स्टेशन<br>7. होटल रामबाग पैलेस : जयपुर<br>8. विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस : राज्य स्तरीय कार्यक्रम<br>9. सालावास सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट |
| 4. | 'ज्ञान यज्ञ मंडप' |
| 5. | सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 |
| 6. | नेशनल रेड लिस्ट रोडमैप |
| 7. | नई एंटीबॉडी की खोज : 04_A06 |
| 8. | 'टी-डोम'(T-Dome) एयर डिफेंस सिस्टम: ताइवान |
| 9. | सक्षम (SAKSHAM) |
| 10. | राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (e-NAM) का विस्तार |
| 11. | जिला न्यायाधीश की नियुक्ति |
| 12. | टाइम्स यूनिवर्सिटी रैंकिंग- 2026 |
| 13. | नोबेल शांति पुरस्कार, 2025 : मारिया कोरिना मचाडो |
| 14. | विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस, 2025 : 10 अक्टूबर |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना : राजस्थान प्रथम स्थान पर

### चर्चा में क्यों?

- ‘प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना’ के तहत् जारी रैकिंग में राजस्थान राज्य ने सितम्बर, 2025 माह में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### मुख्य बिन्दु:

- लाभार्थियों के पंजीकरण, लाभार्थियों को भुगतान एवं 30 दिवस में लाभार्थियों को नकद लाभ अंतरण, कुल प्राप्त परिवादों के त्वरित निस्तारण के पैरा मीटर्स पर योजना में समग्र प्रगति के आधार पर रैकिंग जारी की जाती है।
- राजस्थान में इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 से सितंबर, 2025 तक 16 लाख से अधिक लाभार्थियों को 552 करोड़ रुपये के लाभ दिये जाकर लाभान्वित किया जा चुका है।

**‘प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना’ (PMMVY)**

- **शुरुआत :** केंद्र सरकार द्वारा 1 जनवरी, 2017 को केंद्र प्रायोजित मातृत्व लाभ योजना के रूप में।
- यह योजना महिला सशक्तीकरण से संबंधित भारत सरकार के 'मिशन शक्ति' का एक प्रमुख घटक है।
- **मंत्रालय :** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **प्रावधान :** योजना अंतर्गत प्रथम बार गर्भवती हुई महिला को दो किस्तों में ₹5000 तथा द्वितीय बार गर्भवती हुई महिला को केवल बालिका के जन्म एवं टीकाकरण पूर्ण करने पर ₹6000 की एकमुश्त राशि प्रदान की जाती है।

**उद्देश्य :**

- दिहाड़ी में होने वाली हानि की आंशिक क्षतिपूर्ति हेतु नकद प्रोत्साहन प्रदान करना ताकि महिला पहले बच्चे के जन्म से पहले और बाद में पर्याप्त आराम कर सके;
- गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के बीच स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में सुधार लाना।
- यदि दूसरी संतान बालिका है, तो उसके लिए अतिरिक्त नकद प्रोत्साहन प्रदान करके बालिकाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान भू राजस्व (संशोधन और विधिमान्यकरण) अधिनियम, 2025

## चर्चा में क्यों?

- 3 अक्टूबर, 2025 को राज्यपाल द्वारा राजस्थान भू राजस्व (संशोधन और विधिमान्यकरण) अधिनियम, 2025 को स्वीकृति प्रदान की गई।

## मुख्य बिन्दु:

- **संशोधन :** इस विधेयक के माध्यम से 'राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956' को संशोधित किया गया है।
- **उद्देश्य :** संशोधन विधेयक के माध्यम से राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RIICO) के अधीन भू-खंडों के प्रबंधन के साथ-साथ उनके विनिमयन, भू-रूपांतरण आदि प्रक्रियाओं में सहजता आएगी।
- **प्रभावी :** संशोधन विधेयक के प्रावधान 18.09.1979 को या उससे पहले औद्योगिक उद्देश्यों के लिए आवंटित किसी भी भूमि पर लागू नहीं होंगे, जिसका पट्टा राज्य सरकार या रीको द्वारा विधेयक पारित होने की तारीख को या उससे पहले निरस्त कर दिया गया हो।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**राजस्थान भू-राजस्व (विद्युत संयंत्र की स्थापना हेतु भूमि आवंटन) नियम-2007 में संशोधन:**

- हाल ही में, राजस्थान राजस्व विभाग द्वारा नवीकरणीय उर्जा स्रोत संयंत्रों की स्थापना के लिए भूमि आवंटन नियमों में संशोधन किया गया।
- संशोधन के अनुसार, सौर या पवन उर्जा जैसे संयंत्र स्थापित करने के लिए राजकीय या निजी कंपनियों को किराया देना होगा। यह किराया ₹30,000 प्रति हेक्टेयर प्रतिवर्ष तय किया गया है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RIICO)

- RIICO एक सरकारी उपक्रम है, जिसकी स्थापना 28 मार्च, 1969 को कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत् राजस्थान राज्य औद्योगिक और खनिज विकास निगम (RSIMDC) के रूप में की गई थी।
- 1 जनवरी, 1980 को इसे दो अलग-अलग इकाइयों में विभाजित कर दिया गया:

1. RIICO – राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड।
2. RSMDC – राजस्थान राज्य खनिज विकास निगम।

**मुख्य कार्य:**

- यह राज्य के विभिन्न हिस्सों में औद्योगिक क्षेत्र (Industrial Areas) का विकास करता है।
- एक वित्तीय संस्था के रूप में यह छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को ऋण उपलब्ध कराता है।
- उद्योगों को वित्तीय सहायता, तकनीकी मार्गदर्शन और बुनियादी ढाँचे के विकास में सहयोग प्रदान करता है।
- वर्ष 2021-22 में, RIICO को COSIDICI द्वारा देश की सबसे श्रेष्ठ SIIDC (राज्य औद्योगिक विकास निगम) के रूप में सम्मानित किया गया।


Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **प्रोफेसर पूरन कोली**<br>■ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के रसायन शास्त्र विभाग के प्रोफेसर पूरन कोली को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय, कैलिफोर्निया ने वर्ष 2025 के लिए विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत शोध वैज्ञानिकों में शामिल किया।<br>■ प्रोफेसर कोली को यह मान्यता सौर ऊर्जा रूपांतरण और भंडारण में उनके अभिनव शोध कार्यों के लिए दी गई है। उन्होंने सरल, किफायती और टिकाऊ फोटोवोल्टाइक सेल विकसित किए हैं। |
| 2. | **ग्रुप कैप्टन योगेश परिहार**<br>■ भारतीय वायुसेना के स्थापना दिवस पर ग्रुप कैप्टन योगेश परिहार को राष्ट्रपति पुरस्कार विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया गया।<br>■ जोधपुर के ग्रुप कैप्टन योगेश परिहार वर्ष 2003 में भारतीय वायुसेना में शामिल हुए थे। |
| 3. | **जनकवि प्रदीप शर्मा साहित्य सम्मान - 2025**<br>■ बीकानेर के कवि, गीतकार और संगीतकार राजेंद्र स्वर्णकार को 'जनकवि प्रदीप शर्मा साहित्य सम्मान - 2025' से सम्मानित किया गया।<br>■ यह सम्मान हिंदी साहित्य संसद, चूरू द्वारा आयोजित समारोह में दिया गया। |
| 4. | **प्राइम वॉलीबॉल लीग का चौथा संस्करण : हैदराबाद**<br>■ हैदराबाद में आयोजित प्राइम वॉलीबॉल लीग के चौथे संस्करण में राजस्थान से पाँच खिलाड़ियों का चयन हुआ।<br>■ संदीप (चूरू) बेंगलुरु टॉरपीडोज टीम।<br>■ अशोक बिश्नोई (बाड़मेर) कालीकट हीरोज।<br>■ दुष्यंत सिंह और रोहित यादव (जयपुर) गोवा गार्डियंस टीम।<br>■ कमलेश खटीक (भीलवाड़ा) मुंबई मीटिओर्स टीम। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| **5.** | **मेयो कॉलेज की 150वीं वर्षगाँठ**<br>▪ अक्टूबर, 2025 में अजमेर स्थित मेयो कॉलेज की 150वीं वर्षगाँठ मनाई जा रही है।<br>▪ मेयो कॉलेज की स्थापना वर्ष 1875 में रिचर्ड बॉर्क, जो वर्ष 1869 से 1872 तक भारत के वायसराय भी रहे, ने की थी।<br>▪ यह स्कूल भारत के सबसे पुराने पब्लिक बोर्डिंग स्कूलों में से एक है।<br>▪ इस स्कूल के प्रथम विद्यार्थी अलवर के महाराजा मंगल सिंह थे। |
| **6.** | **राजस्थान का पहला कम्युनिटी रेडियो स्टेशन**<br>▪ हाल ही में, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (MPUAT), उदयपुर ने 'राजस्थान का पहला कम्युनिटी रेडियो स्टेशन' लॉन्च किया।<br>▪ विश्वविद्यालय द्वारा लॉन्च किए गए कम्युनिटी रेडियो स्टेशन को 'MPUAT प्रताप रेडियो 90.4 FM' नाम दिया गया है।<br>▪ इस रेडियो पर फसलों में रोग-कीट नियंत्रण, बाजार भाव, पशुपालन, उद्यानिकी, शिक्षा और मनोरंजन से संबंधित कार्यक्रम शामिल होंगे। |
| **7.** | **होटल रामबाग पैलेस : जयपुर**<br>▪ होटल रामबाग पैलेस को कॉन्डे नास्ट ट्रैवलर यूके रीडर्स चॉइस अवॉर्ड्स 2025 में भारत का सर्वश्रेष्ठ होटल घोषित किया गया है।<br>▪ इसके अलावा इस होटल ने कॉन्डे नास्ट ट्रैवलर यूएस रीडर्स चॉइस अवॉर्ड्स में भी भारत के सर्वश्रेष्ठ होटलों में 14वाँ स्थान प्राप्त किया।<br>▪ 'होटल रामबाग पैलेस' को 'ज्वैल ऑफ जयपुर' के नाम से भी जाना जाता है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 8. | **विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस : राज्य स्तरीय कार्यक्रम**<br>■ जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।<br>■ प्रतिवर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।<br>■ **वर्ष 2025 की थीम :** 'मानवीय आपात स्थिति में मानसिक स्वास्थ्य।'<br>■ **दीपिका पादुकोण:-** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर, केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दीपिका पादुकोण को भारत की पहली मानसिक स्वास्थ्य राजदूत नियुक्त किया है। वह सरकार के साथ मिलकर जागरूकता बढ़ाने, Stigma को कम करने और टेली-मानस (Tele MANAS) जैसी पहलों का समर्थन करने के लिए कार्य करेंगी। |
| 9. | **सालावास सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट**<br>■ जोधपुर के सालावास में इजरायल के सहयोग से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) से उपचारित अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग से संबंधित एक परियोजना का संचालन किया जा रहा है।<br>■ **सालावास STP की भागीदार एजेंसियाँ :** इज़राइली दूतावास, जोधपुर नगर निगम और काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## 'ज्ञान यज्ञ मंडप'

### चर्चा में क्यों?

- श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (SJTA) ने 12वीं शताब्दी के जगन्नाथ मंदिर से जुड़े अमूल्य अभिलेखों, पांडुलिपियों और पवित्र दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए पुरी में एक अत्याधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी 'ज्ञान यज्ञ मंडप' स्थापित करने की योजना की घोषणा की है। यह डिजिटल लाइब्रेरी पुरी स्थित पुराने रघुनंदन पुस्तकालय के स्थान पर विकसित की जाएगी।





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### मुख्य बिन्दु:

- यह ऐतिहासिक पुस्तकालय कभी संस्कृत, ओडिया और बांग्ला भाषा की दुर्लभ ताड़पत्र पांडुलिपियों और ग्रंथों का भंडार था।
- जगन्नाथ मंदिर के दुर्लभ अभिलेख और पवित्र दस्तावेज जिनमें मादला पांजी (मंदिर का कालक्रम), अनुष्ठानिक अभिलेख और प्राचीन ताड़पत्र पांडुलिपियाँ शामिल हैं, डिजिटाइज कर संरक्षित किए जाएंगे।
- जगन्नाथ संस्कृति के गहन अध्ययन के लिए एक शोध केंद्र भी स्थापित किया जाएगा।

### जगन्नाथ मंदिर :

- **अवस्थिति :** पुरी, ओडिशा.
- **उपनाम :** श्वेत पैगोडा।
- **समर्पित :** भगवान जगन्नाथ (भगवान विष्णु के अवतार), बहन देवी सुभद्रा और बड़े भाई भगवान बलभद्र (पवित्र त्रिदेव)।
- **निर्माण :** गंगा राजवंश के राजा अनंत वर्मन चोडगंगा देव द्वारा।
- **वास्तुकला शैली :** कलिंग वास्तुकला।
- भारत में तीर्थयात्रा के लिए चार धामों (द्वारिका, बद्रीनाथ और रामेश्वरम) में से एक ।
- इसके चार घटक भाग हैं, जिनमें विमान या देउला (गर्भगृह), जगमोहन, नटमंडप और भोगमंडप शामिल हैं।
- मंदिर की स्थापत्य शैली दो प्रकार की मंदिर संरचनाओं का संयोजन है, अर्थात् रेखा और पीढ़ा ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021

## चर्चा में क्यों?

- सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया कि सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021 के तहत् वैधानिक आयु सीमा प्रतिबंध उन दंपतियों पर पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं होंगे, जिन्होंने 25 जनवरी, 2022 को कानून के लागू होने से पहले ही सरोगेसी प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

## मुख्य बिन्दु:

- यह छूट उन मामलों पर भी लागू होगी, जिनमें अधिनियम लागू होने से पहले ही भ्रूण सृजित और फ्रीज किए जा चुके थे।
- कोर्ट ने यह भी माना कि प्रजनन संबंधी विकल्प चुनने का अधिकार, जिसमें सरोगेसी भी शामिल है, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत् व्यक्तिगत स्वतंत्रता और निजता का अभिन्न हिस्सा है।

### सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम, 2021

**प्रमुख प्रावधान:**

- यह अधिनियम केवल परोपकारी सरोगेसी की अनुमति देता है, जबकि व्यावसायिक सरोगेसी को पूरी तरह से प्रतिबंधित करता है और इसे एक दंडनीय अपराध घोषित करता है।

**इच्छुक दंपतियों के लिए पात्रता:**

- विवाहित भारतीय दंपति, जिनमें पत्नी की आयु 23 से 50 वर्ष के बीच और पति की आयु 26 से 55 वर्ष के बीच हो।
- उनके पास कोई जीवित जैविक या गोद लिया हुआ बच्चा नहीं होना चाहिए।
- **सरोगेट माता के लिए पात्रता:** विवाहित महिला, जिसकी आयु 25 से 35 वर्ष के बीच हो और जिसका अपना कम-से-कम एक बच्चा हो।
- **सरोगेट बच्चे का अधिकार:** सरोगेसी से जन्मा बच्चा इच्छुक दंपति का जैविक बच्चा माना जाएगा तथा उसे प्राकृतिक बच्चे के समान सभी अधिकार और विशेषाधिकार प्राप्त होंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## नेशनल रेड लिस्ट रोडमैप

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने जैव विविधता संरक्षण को मजबूत करने के लिए 'नेशनल रेड लिस्ट रोडमैप' प्रस्तुत किया।

### मुख्य बिन्दु:

- भारतीय वनस्पतियों और जीव-जंतुओं के राष्ट्रीय रेड लिस्ट आकलन के लिए विज़न 2025–2030 एक व्यापक जैव विविधता निगरानी तथा संरक्षण परियोजना का खाका प्रस्तुत करता है। इसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है।

**विज़न 2025–30 के मुख्य बिंदु**

- **विज़न:** राष्ट्रीय स्तर पर एक समन्वित और सहभागितापूर्ण रेड लिस्ट प्रणाली स्थापित की जाएगी। यह प्रणाली भारत के विविध पारिस्थितिकी-तंत्रों में पाई जाने वाली वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की वास्तविक संरक्षण स्थिति को दर्शाएगी।
- यह पांच-वर्षीय पहल है। इसका लक्ष्य लगभग 11,000 प्रजातियों की विलुप्ति के जोखिम का आकलन करना है।
- **प्रमुख एजेंसियाँ:** इस पहल का नेतृत्व वनस्पतियों के लिए बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया (BSI) और जीव-जंतुओं के लिए जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ZSI) कर रहे हैं।
- **कार्यप्रणाली:** यह परियोजना IUCN प्रजाति संरक्षण चक्र का अनुसरण करेगी जैसे- आकलन, योजना निर्माण, कार्य, नेटवर्क, और संवाद।
- रेड लिस्ट आकलनों का उपयोग संरक्षण लक्ष्यों की प्रगति को मापने के लिए किया जाएगा।
- भारत विश्व के 17 मेगाडायवर्स देशों में से एक है, जहाँ विश्व की लगभग 8% वनस्पतियाँ और 7.5% जीव-जंतु पाए जाते हैं। देश में चार जैव विविधता हॉटस्पॉट्स भी हैं। ये हैं- हिमालय, पश्चिमी घाट, इंडो-बर्मा और सुंडालैंड।
- हालांकि, अब तक भारत की केवल 6.33% पादप प्रजातियाँ और 7.2% जीव-जंतु प्रजातियाँ ही वैश्विक IUCN रेड लिस्ट में आंकलित की गई हैं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## नई एंटीबॉडी की खोज : 04_A06

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोन के वैज्ञानिकों ने ऐसी सुपर एंटीबॉडी खोजी है जो लगभग सभी ज्ञात HIV वेरिएंट्स को 98 प्रतिशत तक निष्क्रिय करने में सक्षम है।




### मुख्य बिन्दु:

- इस एंटीबॉडी का नाम : "04_A06"


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह एंटीबॉडी 300 से ज्यादा अलग-अलग HIV स्ट्रेनों (रूपों) पर टेस्ट की गई, जिनमें से 98.5 प्रतिशत वायरस को इसने रोक दिया। यानी यह लगभग हर तरह के HIV वायरस पर असर डालती है। खास बात यह है कि यह एंटीबॉडी उन वेरिएंट्स पर भी असर दिखाती है जो अब तक दूसरे उपचारों से बच निकलते थे।
- यह एंटीबॉडी एलाइट न्यूट्रलाइजर नाम के कुछ दुर्लभ HIV संक्रमित लोगों से मिली है। यानी ऐसे लोग जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली वायरस से खुद ही लंबे समय तक लड़ने की क्षमता रखती है। इन्हीं लोगों के रक्त कोशिकाओं से वैज्ञानिकों ने हजारों एंटीबॉडीज तैयार कीं, जिनमें से 04 A06 सबसे प्रभावी निकली।
- यह शोध यूनिवर्सिटी ऑफ़ कोलोन, जर्मन सेंटर फॉर इन्फेक्शन रिसर्च, यूरोपियन रिसर्च काउंसिल और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फ़ाउंडेशन के सहयोग से किया गया है।


**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**HIV:**

- **अर्थ :** ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस, जो एक वायरस है जो मानव शरीर में प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करता है।
- यह मुख्य रूप से CD4 प्रतिरक्षा कोशिकाओं को लक्षित करता है।
- HIV प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, जिससे शरीर अवसरवादी संक्रमणों और कैंसर के प्रति संवेदनशील हो जाता है।
- **संचरण :** कुछ शारीरिक तरल पदार्थों जैसे रक्त, वीर्य, योनि द्रव्य और स्तन दूध के माध्यम से संचरित होता हैं।
- **गंभीरता :** यदि उपचार न किया जाए तो वायरस व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली को नष्ट कर देता है और वह एक्वायर्ड इम्यूनोडेफिशिएंसी सिंड्रोम (एड्स) चरण में पहुँच जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### HIV का जीवन चक्र:





UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 'टी-डोम'(T-Dome) एयर डिफेंस सिस्टम: ताइवान

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, ताइवान ने राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक मल्टीलेयर्ड एयर डिफेंस सिस्टम 'टी-डोम'(T-Dome) को विकसित करने की घोषणा की हैं, जिसमें उच्च स्तरीय डिटेक्शन और इंटरसेप्शन क्षमता होगी।







उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य बिन्दु:**

- **द्वीप अगले वर्ष अपने रक्षा व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के 3 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ाएगा तथा वर्ष 2030 तक इसे 5 प्रतिशत तक बढ़ाएगा।**
- **ताइवान यह सुरक्षा कवच अमेरिका के 'गोल्डन डोम' और इजराइल के 'आयरन डोम' की तर्ज पर तैयार करने जा रहा है।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **एयर डिफेंस सिस्टम :** **एक बहु-स्तरीय (Multi-Layered) सुरक्षा प्रणाली होती है जो देश के हवाई क्षेत्र की रक्षा करती है। इसका मुख्य उद्देश्य दुश्मन द्वारा किए गए हवाई हमलों जैसे: लड़ाकू विमानों (Fighter Jets), हेलिकॉप्टर्स, ड्रोन, क्रूज मिसाइलें, बैलिस्टिक मिसाइलें से समय रहते पता लगाना, ट्रैक करना और उन्हें नष्ट करना होता है।**




**Ballistic Missile Defense System**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- हाल ही में, भारत ने 'सुदर्शन चक्र' नाम से एयर शील्ड बनाने की घोषणा की है।

**भारत की एयर डिफेंस प्रणालियाँ :**

| एयर डिफेंस प्रणालियाँ | विवरण |
|---|---|
| **शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम (SHORAD)और मीडियम रेंज एयर डिफेंस सिस्टम (MRAD)** | |
| AKASH मिसाइल सिस्टम | **रेंज :** 25–30 किमी<br>**नगके :** DRDO<br>**लक्ष्य :** फाइटर जेट, हेलिकॉप्टर और ड्रोन को टारगेट करता है।<br>रडार के ज़रिए ट्रैकिंग और स्वचालित जवाबी हमला |
| SPYDER Air Defence | **रेंज :** 15–20 किमी<br>इजरायल से आयातित।<br>तेज़ रिएक्शन, छोटे हमलों के लिए आदर्श |
| QR-SAM | **रेंज :** 25–30 किमी<br>**विकास :** भारत<br>टैंक जैसी मोबाइल यूनिट- युद्ध के मैदान में तैनात करने योग्य। |
| BARAK-8 (भारत-इजरायल की संयुक्त प्रणाली) | **रेंज :** 70–100 किमी<br>समुद्र और ज़मीन दोनों से लॉन्च हो सकता है।<br>**लक्ष्य :** क्रूज़ मिसाइल, एयरक्राफ्ट, हेलिकॉप्टर |
| NASAMS-II | **रेंज :** 25–40 किमी<br>राष्ट्रपति भवन, संसद जैसे इलाकों के लिए एयरक्राफ्ट और क्रूज़ मिसाइल दोनों को मार गिरा सकता है। |
| **लॉन्ग रेंज एयर डिफेंस सिस्टम (LRAD)** | |
| MR-SAM और LR-SAM | **रेंज :** MR-SAM (Medium Range-Surface To Air Missile) ; 70 किमी।<br>LR-SAM (Long Range-Surface To Air Missile) ; 150 किमी।<br>हाई-स्पीड टारगेट्स के खिलाफ, वायुसेना और नौसेना दोनों के लिए उपयोगी। |
| XRSAM | **रेंज :** 250–350 किमी<br>S-400 जैसा स्वदेशी संस्करण |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## विश्व की प्रसिद्ध एयर डिफेंस प्रणालियाँ:

| देश | सिस्टम | रेंज | विशेषता |
|---|---|---|---|
| रूस | S-400 / S-500 | 400–600 किमी | दुनिया की सबसे शक्तिशाली प्रणालियों में। |
| अमेरिका | THAAD, Patriot, Aegis | 160–200 किमी | बैलिस्टिक मिसाइल से रक्षा में कुशल। |
| इज़राइल | Iron Dome, David's Sling, Arrow 3 | 70–300 किमी | मल्टी-लेयर सुरक्षा मॉडल। |
| फ़्रांस | ASTER-30 | 120 किमी | EU में प्रमुख प्रणाली। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सक्षम (SAKSHAM)

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय थल सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित सक्षम काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम की खरीद शुरू कर दी है।

## मुख्य बिन्दु:

- **सक्षम/ SAKSHAM:** सिचुएशनल अवेयरनेस फॉर काइनेटिक सॉफ्ट एंड हार्ड किल एसेट्स मैनेजमेंट।
- यह एक मॉड्यूलर और उन्नत कमांड एंड कंट्रोल प्रणाली है, जो सुरक्षित आर्मी डेटा नेटवर्क पर काम करती है।
- यह प्रणाली दुश्मन के ड्रोन और मानव रहित हवाई प्रणालियों को रीयल-टाइम में पहचानने, ट्रैक करने और निष्क्रिय करने में सक्षम है। इससे नए परिभाषित टैक्टिकल बैटलफील्ड स्पेस में वायु क्षेत्र की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित होती है।
- टैक्टिकल बैटलफील्ड स्पेस वह क्षेत्र है, जो जमीन से लगभग 3,000 मीटर (10,000 फीट) की ऊंचाई तक फैला होता है।
- इसे भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) के सहयोग से विकसित किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (e-NAM) का विस्तार

### चर्चा में क्यों?

- **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने 9 अतिरिक्त वस्तुओं (कृषि फसलों) को शामिल करके राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (e-NAM) का विस्तार किया है, जिससे इस मंच पर व्यापार योग्य कृषि वस्तुओं की कुल संख्या 238 से बढ़कर 247 हो गई है।**

### NATIONAL AGRICULTURE MARKET (NAM)

The National Agriculture Market is a pan-India electronic trading portal.


It connects the existing Agricultural Produce Market Committees (APMCs) and other market yards.


585 APMCs selected by states are linked to the portal, creating a unified national market for agriculture commodities.

The Centre has provided the software free of cost to states and granted up to Rs 30 lakh per mandi/market as a one-time measure for related equipment and infrastructure requirements.

### States to Fulfill Following Criteria To Receive Assistance

- Make single license to be valid across the state
- Enforce a single point levy of market fee
- Provision for electronic auction as a mode for price discovery




### Benefits of NAM

**FOR FARMER:** NAM promises more options for sale. It would increase his access to markets through ware house-based sales and thus eliminates the need to transport his produce to the mandi

**FOR LOCAL TRADER :** NAM offers the opportunity to access a larger national market for secondary trading

**BULK BUYERS, EXPORTERS:** Benefit from being able to participate directly in trading at the local mandi/market level through the NAM platform, thereby reducing their intermediation costs


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## मुख्य बिन्दु:

### राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (e-NAM) :

- **परिचय :** अखिल भारतीय इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग पोर्टल।
- **लॉन्च :** अप्रैल, 2016
- **वित्त पोषण :** 100 प्रतिशत केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित।
- **कार्यान्वन :** लघु कृषक कृषि व्यापार संघ (SFAC) द्वारा।
- **लाभार्थी :** किसान, मंडियाँ, व्यापारी, खरीदार, प्रसंस्करणकर्त्ता और निर्यातक।

### मुख्य उद्देश्य :


1. **एकीकृत बाज़ार का निर्माण :** अखिल भारतीय कृषि व्यापार के लिये राज्य स्तरीय बाज़ारों को एकीकृत करना।
2. **दक्षता में सुधार :** बाज़ारों में विपणन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित और मानकीकृत करना।
3. **पारदर्शिता सुनिश्चित करना:** पारदर्शी नीलामी और व्यापक क्रेता पहुँच के माध्यम से बेहतर मूल्य निर्धारण सक्षम कराना।
4. **गुणवत्ता सुनिश्चित करना :** गुणवत्ता परख को लागू करना ताकि कीमतें उत्पाद की गुणवत्ता को प्रतिबिंबित कर सकें।
5. **उपभोक्ताओं को लाभ :** स्थिर मूल्य और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद की उपलब्धता को समर्थन।

- **विशेषताएँ :** अखिल भारतीय नेटवर्क, गुणवत्ता आश्वासन एवं परख, सुव्यवस्थित लाइसेंसिंग एवं बाज़ार शुल्क, प्रत्यक्ष ऑनलाइन भुगतान, बेहतर बाज़ार पहुँच एवं सूचना तथा लॉजिस्टिक्स एवं एकीकरण।
- **निगरानी :** यह राष्ट्रीय स्तर पर SFAC और राज्य स्तर पर सहायक एजेंसियों के साथ संबंधित राज्य विभागों के साथ समन्वित दृष्टिकोण का अनुसरण करता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### कृषि विपणन सुधार :






उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजव्यवस्था

## जिला न्यायाधीश की नियुक्ति

### चर्चा में क्यों?

- **सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे न्यायिक अधिकारी, जिनके पास वकील के रूप में और सेवा में रहते हुए कुल 7 साल का अनुभव है, वे जिला न्यायाधीश के रूप में सीधी भर्ती के लिए पात्र होंगे।**

### मुख्य बिन्दु:

- **सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 233 के तहत् वकीलों और सेवारत उम्मीदवारों – दोनों को जिला न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। साथ ही, 7 वर्ष के अनुभव की शर्त अब न्यायिक अधिकारियों पर भी लागू होगी।**

**जिला न्यायाधीश की नियुक्ति**

- **अनुच्छेद 233 जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित है।**
- **राज्य में जिला न्यायाधीशों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा, संबंधित हाई कोर्ट से परामर्श करके की जाती है।**

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण सूचकांक एवं रिपोर्ट

## टाइम्स यूनिवर्सिटी रैंकिंग- 2026

### चर्चा में क्यों?

- टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 जारी की गई।

### मुख्य बिन्दु:

- **प्रकाशक:** टाइम्स हायर एजुकेशन पत्रिका।
- **कार्यप्रणाली:** यह 18 प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर विश्वविद्यालयों का शिक्षण, अनुसंधान, ज्ञान हस्तांतरण और अंतरराष्ट्रीय आउटलुक पर आकलन करती है।
- **शीर्ष रैंक (वैश्विक):** यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड (लगातार 10वें वर्ष)।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc), बेंगलुरु, देश में अग्रणी है, जिसने 201–250 बैंड में अपनी स्थिति बरकरार रखी है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## नोबेल शांति पुरस्कार, 2025 : मारिया कोरिना मचाडो



**चर्चा में क्यों?**

- वर्ष 2025 का नोबेल शांति पुरस्कार वेनेजुएला की मारिया कोरिना मचाडो को प्रदान किया गया है।

**मुख्य बिन्दु:**

- यह पुरस्कार वेनेजुएला के लोगों के लिए लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने, तानाशाही के खिलाफ संघर्ष करने, और न्यायपूर्ण एवं शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक परिवर्तन के प्रति उनके अथक प्रयासों के लिए दिया गया है।
- अल्फ्रेड नोबेल द्वारा वर्ष 1901 में स्थापित नोबेल शांति पुरस्कार शांति, निशस्त्रीकरण और वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देने वाले व्यक्तियों या संगठनों को मान्यता देता है।

**मारिया कोरिना मचाडो :**

- मारिया कोरिना मचाडो वेनेजुएला की एक प्रमुख राजनीतिक नेता, लोकतंत्र समर्थक कार्यकर्ता और विपक्ष की नेता हैं।
- उन्होंने वर्षों से देश में स्वतंत्रता, पारदर्शिता और मानवाधिकारों की बहाली के लिए संघर्ष किया है।
- मचाडो ने वेनेजुएला के सत्तावादी शासन के विरुद्ध शांतिपूर्ण और अहिंसक आंदोलन चलाकर जनता के मध्य लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त किया है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण दिवस

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस, 2025 : 10 अक्टूबर

**मुख्य बिन्दु:**




- **इस वर्ष का विषय :** 'मानवीय आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य'।
- **उद्देश्य :** मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मानसिक बीमारियों पर कलंक को कम करना और ऐसे समर्थन तंत्र को प्रोत्साहित करना है जो मानसिक कल्याण को बढ़ावा दें।
- **पहली बार मनाया गया :** 10 अक्टूबर, 1992
- **प्रारंभकर्ता :** वर्ल्ड फेडरेशन फॉर मेंटल हेल्थ (WFMH)
- **पहला समर्पित विषय (1994) :** "इमप्रोविनग द क्वालिटी ऑफ मेंटल सर्विसेज़ थ्रूआउट द वर्ल्ड"।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 के अवसर पर टेली मानस ऐप के लिए
- कई नई पहलों का अनावरण किया, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच का विस्तार करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

जेसे :

1. **टेली मानस ऐप संवर्द्धन (बहुभाषी यूआई, चैटबॉट, सुगम्यता, आपातकालीन मॉड्यूल) का शुभारंभ :** नवीनतम सुधारों में बहुभाषी उपयोगकर्ता इंटरफ़ेस, दृष्टिबाधित उपयोगकर्ताओं के लिए सुगम्यता सुविधाएँ, असमी नामक एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)-संचालित चैटबॉट और एक आपातकालीन प्रतिक्रिया मॉड्यूल शामिल हैं।

- यह अंग्रेजी और हिंदी के अलावा 10 अतिरिक्त क्षेत्रीय भाषाओं असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तमिल, तेलुगु, उड़िया और पंजाबी में भी उपलब्ध होगा।

2. **पहला मानसिक स्वास्थ्य राजदूत नियुक्त :** मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने और बातचीत को सामान्य बनाने में मदद के लिए अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को पहला मानसिक स्वास्थ्य राजदूत नियुक्त किया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR